Roll No. ....

DD–2329

M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Ninth

(भारतीय साहित्य)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. भारतीय 'साहित्य में आज के भारत का बिम्ब' विषय पर संतुलित निबंध प्रस्तुत कीजिए। 15

अथवा

"भारतीय साहित्य एकता और विविधता के ताने-बाने से बुनी गई कृति है।" इस कथन के संदर्भ में भारतीय साहित्य की एकता एवं विविधता के बिन्दु स्पष्ट कीजिए।

2. बंगला साहित्य के भक्तिकाल को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

मराठी साहित्य में नाटक विधा पर एक सारगर्भित निबंध लिखिए।

अथवा

मलयालम साहित्य के आधुनिक साहित्य को रेखांकित कीजिए।

3. मलयालम साहित्य की नई कविता एवं हिंदी की नई कविता की तुलना कीजिए। 15

अथवा

मराठी एवं हिंदी के भक्ति साहित्य पर तुलनात्मक विमर्श प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

बांगला एवं हिंदी की उपन्यास कला पर तुलनात्मक आलेख प्रस्तुत कीजिए।

4. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : प्रत्येक 5

(i) 'हयवदन' नाटक का मूल कथ्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'हयवदन' नाटक का कथानक लिखिए।

(ii) 'कोच्चि के दरख्त' कविता का मूल भाव लिखिए।

अथवा

'कोच्चि के दरख्त' संकलन की विशेषताएँ लिखिए।

(iii) 'अग्निगर्भ' उपन्यास का सार लिखिए।

अथवा

नक्सलाइट समस्या एवं 'अग्निगर्भ' उपन्यास का विरोधाभास अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 5

(i) चर्यापद

(ii) नक्सली साहित्य

(iii) 'हयवदन' नाटक की शैली

(iv) वारकरी संप्रदाय

(v) मलयालम की उत्पत्ति

(vi) मराठी साहित्य का पेशवा काल

(vii) किलीपाट्टू

(viii) बंगाल का नाथ साहित्य

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : प्रत्येक 1

(i) 'कोच्चि के दरख्त' संकलन में 'कोच्चि के दरख्त' के अतिरिक्त किन्हीं **दो** कविताओं के शीर्षक लिखिए।

(ii) 'कोच्चि' और 'दरख्त' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(iii) हबीब तनवीर की **दो** नाट्य कृतियों के नाम लिखिए।

(iv) छत्तीसगढ़ के चम्पारण का साहित्यिक महत्व क्या है ?

(v) 'बसंत आ गया है' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(vi) पद्मिनी कौन है ? पाठ्यक्रम के अनुसार उत्तर दीजिए।

(vii) बाउल गीत का संबंध किस भाषा से है ?

(viii) भगवान बुद्ध की रचनाओं की भाषा और उनके ग्रंथ का नाम लिखिए।

(ix) 'वंदेमातरम' गीत की **चार** पंक्तियाँ लिखिए।

(x) गुरु ग्रंथ साहब किस भाषा में रचित है ?

(xi) बांगला के **दो** उपन्यासों के नाम लिखिए।

(xii) रामायण की भाषा बताइए।

(xiii) अंगी रस किसे कहते हैं ?

(xiv) चरित काव्य किसे कहते हैं ?

(xv) आलवार संतों की संख्या लिखिए।

(xvi) तुकाराम किस भाषा के कवि थे ?

(xvii) कालिदास की किसी **एक** रचना का नाम लिखिए।

(xviii) चोट्टि मुंडा एवं उसका तीर किसकी रचना है ?

(xix) शिवाजी के आश्रय में कौन से कवि थे ?

(xx) 'गीतांजली' मूलतः किस भाषा में लिखी गई ?

(xxi) चार वेदों के नाम लिखिए।

(xxii) 'कम्बन' कौन थे ?